# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 कांवड़िया दल भूतेश्वर महादेव के लिए रवाना...



12 बम्हनी में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ ...



# घर-घर में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण, की पूजा-अर्चना

## कृष्ण पक्ष की शिवरात्रि पर बुधवार शाम नगर भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

श्रावण मास की कृष्ण पक्ष की शिवरात्रि पर बुधवार शाम खरोरा भक्ति और श्रद्धा से सराबोर नजर आया। इस पावन अवसर पर घर-घर में मिट्टी के शिवलिंग बनाकर भगवान शिव का विधि पूर्वक पूजन एवं अभिषेक किया गया। यह आयोजन कोरोना काल के बाद पहला अवसर था, जब इतने बड़े पैमाने पर सामूहिक रूप से ऑनलाइन पूजा देखने को मिली।

महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में दिनभर उपवास रखकर मिट्टी के शिवलिंग तैयार किए और पूजन की थाली सजा कर शाम को टीवी और यूट्यूब के माध्यम से प्रसारित हो रहे लाइव पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पंडित द्वारा एक दिन पूर्व ही पूजन सामग्री की सूची जारी की गई थी, जिससे भक्तों ने पूर्व तैयारी कर ली थी। पूजन में जल, दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल, बेलपत्र, चंदन, भस्म, पुष्प व अक्षत आदि का उपयोग हुआ।

शाम सात बजे शुरू हुए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ भाग लिया। कई घरों में पति-पत्नी ने मिलकर शिवलिंग का जोड़े से अभिषेक किया। बच्चों ने भी पूरे उत्साह से भागीदारी निभाई, जिससे यह आयोजन पारिवारिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया।





### तकनीक के माध्यम से घर बैठे ईश्वर उपासना

पूजन के बाद आरती की स्वर लहरियों और शंख ध्वनि से वातावरण पुरी तरह शिवमय हो गया। पूजा संपन्न होने के पश्चात भक्तों ने शिवलिंग का विसर्जन बहते हुए जल में कर श्रावण शिवरात्रि का समापन किया। यह आयोजन न केवल परंपराओं का संवाहन रहा, बल्कि तकनीक के माध्यम से घर बैठे ईश्वर उपासना की प्रेरणादायक मिसाल भी बना। श्रद्धा और आधुनिकता का यह सुंदर संगम लोगों की स्मृति में लंबे समय तक जीवित रहेगा।

## पर्व : ग्रामीण अंचल में बने विभिन्न प्रकार के पकवान की खुशबू बिखरी

# हरेली पर्व पर गौ माताओं को खिलायी आटे की लोंदी, बच्चों ने लिया गेड़ी का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गुरुवार को समूचे अंचल में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हरेली पर्व का खास महत्व रहता है। किसान इस दिन कृषि कार्य बंद कर कृषि औजार नांगर, कुदाली, फावड़ा आदि को अच्छे से धोकर उनकी पूजा अर्चना किए तथा चिला की रोटी और गुलगुला, भजीया बनाकर गौ माताओं को भोग लगाया। वहीं गौठानों में किसान पहुंचकर गौमाता की पूजा अर्चना किए। इसके बाद आटा की लोंदी बनाकर गौमाता को खिलाया। हरियाली का प्रतिक हरेली त्योहार पर प्रत्येक घरों में छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए गए, वहीं बच्चों ने गेढ़ी चढ़कर इस पर्व को धुमधाम से मनाया।

हरेली पर्व में ग्राम पंचायत बिनौरी के सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू किसानों के साथ गौठान पहुंच कर गौ माता को आटे की लोदी खिलाई। उन्होंने कहा यह पर्व हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति है, जो हर वर्ष मनाया जाता है तथा दाल, चावल, नमक गांव की गौठान में पहुंच कर चरवाहों को दान देते हैं, उसके उपरांत यादव लोग किसान को दशमूल कंद, गोंदला की जड़ी बूटी किसानों को देते जो कि गौ माता की एक वर्ष तक रेख देख करते है। इस दौरान पंच बुधारू साहू, अमृत, चरण निराला, लोकनाथ साहू, मंत्रु यादव, लाला यादव ,परमेश्वर साहू, भाई राम साहू सहित किसान उपस्थित थे।





### हरेली पर कृषि उपकरण और गौ माता की हुई पूजा

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** प्रथम लोक पर्व हरेली त्यौहार को अंचल के गांवों में कोकड़ी, रिसदा, पुरान खपरी, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, सैहा, भरूवाडीह, बेल्हा, गितकेरा, औरासी, चुचरुंगपुर, छिराही, रावन, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, सेम्हराडीह, चंडी, पिपराही, सरकीपार, ढनढनी, खैरवारडीह, ढ़ाबाडीह, आदि सभी गांवों में कृषि उपकरण व गौ माता की पूजा अर्चना कर परंपरा अनुसार गौठान जाकर गौ माता को खम्हार के पत्ते में आटा की लोंदी खिलाए तथा उपकरणों की पूजा हेतु घरों में हरेली पर मुख्य रोटी गुड़ के चीला, चांऊरसेला और गुलगुला भजिया के पकवान बनाए गए, इस अवसर पर बच्चों और बुजुर्गों सहित नौजवानों ने गेंड़ी के लुफ्त उठाये। शुभ पर्व पर अंचल में गौरव ग्राम रावन के सुप्रसिद्ध मंदिर में सर्वप्रथम गांव के सभी किसानों ने श्री बाबा देवता और महावीर का पूजा अर्चना कर हरेली त्यौहार मनाया गया। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली पर गुरुवार श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या को खेती-किसानी में काम आने वाले उपकरण और बैलों की पूजा सपरिवारो द्वारा की गई। इस दौरान सभी घरों में हरेली की मुख्य रोटी गुड के चीला और ठेठरी, खुरमी के पकवान भी बने। इस दिन कुलदेवता की पूजा की गई। वही इस दिन अनेकों स्थानों में युवाओं द्वारा पौधे लगाये। हरेली पर किसान नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई कर उन्हें और बांस की गेंडी बनाकर एक स्थान पर ▶▶ शेष पेज 13 पर



## सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ स तनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं बोर्ड परीक्षा 2025 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 27 जुलाई दोपहर 12 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभागार (ऑडिटोरियम) डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल के पीछे जेल रोड रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में आयोजित है। इसमें अति विशिष्ट अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथि दयाल दास बघेल खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद, कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा, गुरु खुशवंत साहेब उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, विधायक आरंग, पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली, डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिरवारा, दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, शेष हरबंश विधायक पामगढ़, हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़ के उपस्थिति में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी एवं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बता दे की विगत दिनों सतनामी समाज में प्रदेश स्तर पर चुनाव हुआ, जिसमें नई प्रदेश ▶▶ शेष पेज 13 पर



■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे शामिल, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का करेंगे सम्मान

## खबर संक्षेप

### जेम पोर्टल से जुड़ने एक दिवसीय कार्यशाला आज

**बलौदाबाजार।** आरएएमपी योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर जुड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 25 जुलाई क़ो किया जाएगा। यह कार्यशाला जिला पंचायत सभाकक्षः बलौदाबाजार में प्रातः 11 बजे से शुरू होग़ी। कार्यशाला में जेम पोर्टल पर पंजीकरण और निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं डिजिटल ब्रांडिंग, एमएसएमई इकाइयों के लिए सरकारी लाभों की जानकारी, ई-कॉमर्स मार्केटिंग रणनीति की जानकारी दी जाएगी। जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों क़ो इस निःशुल्क कार्यशाला में भाग लेने की अपील की गई है।

### सामाजिक भंडारे में सब्जी को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सामाजिक भंडारा में ज्यादा सब्जी देने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। सांकरा पुलिस को कामदेव सिदार पिता सेत राम सिदार (59 साल) कंचनपुर ने बताया कि 23 जुलाई को गांव में सामाजिक भंडारा था। जिसमें वह सभी को बराबर सब्जी बांट रहा था। इसी दौरान बोध राम चौहान ने और सब्जी मांगा, जिसे उसने मना किया। इस पर आरोपी बोधराम चौहान, शुभराम चौहान, मुकेश चौहान तीनों एक राय होकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए बोधराम ने हाथ डंडा से एवं शुभराम व मुकेश ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** काशीपाली से रोहिना जाने वाले मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरायपाली थाने में सुखापाली निवासी भुवन ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 23 जुलाई को उसका भाई छोटा भाई कंचनदास खुंटे घरेलू कार्य से अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएफ 3217 से ग्राम कांशीपाली गया था। दोपहर करीब 3 बजे जब प्रार्थी घर में था तभी गांव के खगेश्वर खुंटे ने आकर बताया कि दोपहर करीब 2.25 बजे तुम्हारे भाई कंचनदास का ग्राम कांशीपाली से ग्राम रोहिना जाने वाली रोड में नीम के पेड के पास एक्सीडेंट हो गया है। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसका भाई कंचनदास खुंटे मृत अवस्था में पड़ा था। शरीर के विभिन्न भागों में गहरी चोट तथा खून से लथपथ था। राहगीरों से पूछताछ करने पर पता चला कि किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज, लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाकर बाइक को ठोकर मार दिया।

## दो सौ साल पुराना पीपल का पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के मध्य गांधी चौक के पास गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बालक शाला परिसर में स्थित लगभग 200 साल पुराना पीपल का विशालकाय पेड़ अचानक धराशायी हो गया। यह पेड़ स्व. बसंत सराफ के मकान पर गिरा, जिसमें उस समय करीब 10 लोग मौजूद थे। सौभाग्य से सभी लोग सुरक्षित बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लगभग एक माह पूर्व ही इस पेड़ का आधा हिस्सा गिर चुका था। मोहल्लेवासियों ने पेड़ की कमजोर स्थिति को देखते हुए पार्षद से इसे कटवाने की गुजारिश भी की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पेड़ गिरने से मनोज दुबे ▶▶ शेष पेज 13 पर





## जन सुनवाई से पहले नलवा माइंस का विरोध, ग्रामीणों ने पंडाल लगाने से रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के समीप मोतिमपुर खुर्द में नलवा माइंस के लिए प्रस्तावित खदान के लिए 25 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई के विरोध में ग्रामीण एकजुट हो गये। ग्रामीण जन सुनवाई के विरोध में जहां सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दे चुके हैं, वहीं क्षेत्र में पानी की समस्या व पूर्वजों की अस्थि खुदाई में निकाले जाने को लेकर विरोध दर्ज करते ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा व छड़िया सरपंच प्रतिनिधि उपेन्द्र देवांगन के साथ ग्रामीण आत्मदाह की चेतावनी दे चुके हैं। बता दे ग्रामीण बड़ी संख्या में जनसुनवाई क्षेत्र में टेंट नहीं लगने देने डटे हुए हैं, जिसके चलते स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

■ तनाव को देख बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस, ग्रामीणों ने आत्मदाह की दी चेतावनी



जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी स्थिति में खदान के लिए अपनी जमीन खोदने नहीं देंगे। वहीं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदराम मनहरे का कहना है कि खदान प्रस्तावित क्षेत्र गांव आम दिनों में गांव के लोग पानी के एक बूंद के लिए तरसना पड़ता है, अगर माइनिंग के लिए जमीन अधिग्रहण कर खुदाई की जाती है तो स्थिति और भी खराब हो जायेगा।

जनपद पंचायत अध्यक्ष तिल्दा टिकेश्वर मनहरे का कहना है कि खदान मालिक परिवार सहित आकर खदान प्रस्तावित गांव में रहकर देखे, उसके बाद बताये कि क्षेत्र में माइनिंग के खदान खुदाई होना चाहिए कि नहीं, किसी भी हालत में जनसुनवाई नहीं होने देंगे।

पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा का कहना है कि हमारे पूर्वज के अस्थि निशानी माइनिंग प्रस्तावित जमीन में मौजूद है। अगर सरकार और नलवा स्टील उद्योग के जमीन की खुदाई के लिए जन सुनवाई की जाती है, तो मेरे साथ गांव ग्रामीण सामूहिक आत्मदाह कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान पुलिस के जवान काफी संख्या में ग्रामीण द्वारा प्रस्तावित जमीन पर टेंट पंडाल नहीं लगने देने जिद के चलते माहौल तनावपूर्ण हो गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के भारी बल खरोरा थाने में ही डटी रही और प्रस्तावित क्षेत्र जाने से दूरी बना ली।बता दे कि विधायक अनुज शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने भी ग्रामीणों के साथ होकर अपना विरोध जता चुके हैं।

## नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने किया शहर का निरीक्षण

# शहर को स्वच्छ बनाने में जुटे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्डों में सघन रूप से सफाई अभियान चला कर स्वच्छता का कार्य कराये जाने का कार्य प्रगति पर है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सफाई कार्यों का निरीक्षण किए जाने प्रातः भ्रमण कर स्वच्छता परमो धर्म के मूल मंत्र को सार्थक किए जाने मुख्य मार्ग व डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। सफाई गैंग के साथ सड़क के दोनों तरफ सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए रोड डिवाइडर में झाड़ी खरपतवार व झिल्ली कचरा का संग्रहण कर सफाई का कार्य कराया गया। साथ ही डिवाइडर में विद्युत पोल पर नई लाइटें भी लगायी जा रही है।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा भी सफाई व्यवस्था के लिए लगी टीम व सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक आहुत कर नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाने के निर्देश दिए। साथ ही बाजार क्षेत्र में सब्जी मंडी की व्यवस्था सुधारने एवं सब्जी चबूतरा में व्यवस्थित दुकान लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगर की व्यवस्था एवं कार्य प्रणाली में आवश्यक सुधार किये जाने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद कन्हैया सेन, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, योगेश अग्रवाल मितेन्द्र जैन सहित नगर पालिका के सफाई कर्मचारी उपस्थित थे व स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप द्वारा सफाई कार्य में प्रयुक्त संसाधन सामग्री एवं ब्लीचिंग पाउडर डलवाए जाने के कार्य कराए जाने के साथ स्वच्छता के कार्यों परपरनिरंतर ध्यान देते हुए सफाई कामगारों से कार्य कराया जा रहा है।

### स्ट्रीट लाइट से रोशन हुआ शहर

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के निर्देशानुसार मुख्य मार्ग एवं बाजार क्षेत्र, सदर रोड, महात्मा गांधी मार्ग, गौरव पथ, नगर पालिका मार्ग में नई लाइट लगाए जाने का निर्देश दिया गया। नई लाइटों के लगाये जाने से मार्ग में रोशनी बढ़ी है। इसी के साथ वार्डों में भी पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था किये जाने निर्देशित किया गया है। इसके अनुरूप नगर पालिका के विद्युत विभाग द्वारा लाइट लगाई जा रही है।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### हरचरण साहनी ट्रांसपोर्ट चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने ट्रांसपोर्ट संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए चैंबर द्वारा ट्रांसपोर्ट चैंबर रायपुर का गठन किया है। उन्होंने हरचरण सिंह साहनी को ट्रांसपोर्ट चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। श्री थौरानी ने हरचरण सिंह साहनी को बधाई देते हुए कहा है कि वे प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नई ऊंचाईयों पर लेकर जायेंगे। इस अवसर पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष -राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष- जितेन्द्र शादीजा, दिलीप इसरानी, मुकेश अग्रवाल अध्यक्ष बरमकेला इकाई, पुरूषोत्तम अग्रवाल बरमकेला, रवि सचदेव, भोलानाथ सेठ एवं महिला चैबर अध्यक्ष श्रीमती डॉ. ईला गुप्ता एवं टीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### स्पॉट काउंसिलिंग के बाद 556 सीटें रिक्त

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर की रिक्त सीटों के लिए ऑनस्पॉट काउंसिलिंग बुधवार को समाप्त हो गई। 2015 सीटों में से 1459 सीटों पर दाखिले पूर्ण हो गए हैं, जबकि 556 सीटें अब भी रिक्त हैं। इन्हें भरने की प्रक्रिया 25 जुलाई से प्रारंभ होगी। खाली रह गई सीटों के लिए पीएटी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। 12वीं उत्तीर्ण छात्र भी आवेदन के लिए पात्र होंगे।

### बीएड के परिणाम 96%


**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीएड चतुर्थ वर्ष के परिणाम बुधवार को जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में 3959 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 96.36% ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। एमए संस्कृत चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम 90%, एमए क्लासिक प्राच्य संस्कृत चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम 78.57% तथा द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम 87.5% रहे हैं।

### स्कूल शिक्षा विभाग के 1227 व्याख्याताओं का प्रमोशन, आदेश जारी

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग में विभिन्न विषयों के 1227 व्याख्याता (टी संवर्ग) को पदोन्नति का लाभ मिला है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। इन व्याख्याताओं की पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। इन विषयों में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और वाणिज्य जैसे मुख्य विषय शामिल हैं। विगत एक वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला एवं संभाग स्तर पर लगभग 7 हजार पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही संपन्न की गई है। इसके साथ ही, 2621 सहायक शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला) की सीधी भर्ती काउंसिलिंग के माध्यम से की गई, जिससे स्कूलों में प्रयोगात्मक शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इसके पूर्व लगभग 2900 प्राचार्यों के पदोन्नति आदेश भी जारी किए जा चुके हैं।

### आयुष शर्मा ने जेआरएफ में 99.75% अंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

**रायपुर।** आयुष शर्मा ने जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। आयुष ने इससे पूर्व एलएलबी की डिग्री प्राप्त की और एलएलएम में विश्वविद्यालय मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। साथ ही उन्होंने यूजीसी नेट भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है।



जेआरएफ में चयनित होने के पश्चात उन्हें प्रतिमाह 65 हजार की स्कॉलरशिप प्राप्त होगी, जो शोधकार्य के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। यूजीसी नेट जेआरएफ की सफलता दर काफी कम है, केवल लगभग 0.6% से 0.7% ही उम्मीदवार इस परीक्षा में जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए योग्य ठहरते हैं।

# अनोखा प्रकरण : दूसरे परिवार के साथ रह रही बेटी, मां ने लगाया गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक अनोखा प्रकरण आया, जिसमें एक बालिग लड़की अपनी मां का घर छोड़कर दूसरे परिवार में एक दंपति के साथ रहने चली गई। इसे लेकर लड़की की मां ने आरोप लगाए हैं कि दंपति उसकी बेटी को समलैंगिक है, कहकर अफवाह फैला रहे हैं, साथ ही उसके घर पहले भी कई लड़कियों को आते देखा है, जो गायब हो गई हैं। आयोग ने इस मामले को मानव तस्करी से जुड़ा होने की आशंका जताते हुए गोलबाजार पुलिस को छानबीन कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।






### मां के घर जाने तैयार नहीं हुई बेटी, भेजा गया सखी केंद्र

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बुधवार को आयोग के रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई हुई। इस सुनवाई में रायपुर की सड्डू निवासी एक महिला ने शिकायत की है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर एक दंपति ने अपने घर पर रख लिया है तथा जब भी वह बेटी से मिलने जाती है, तो उससे मिलने नहीं दिया जाता। महिला ने दंपति पर यह भी आरोप लगाए हैं कि वे दोनों उसकी बेटी को समलैंगिक होने की अफवाह फैला रहे हैं तथा कई बार उसके घर में हर 6-7 महीने में एक लड़की को आते देखा है, लेकिन उसके बाद वह लड़की गायब हो जाती है। उन्होंने आशंका जताई कि दंपति मानव तस्करी से भी जुड़े हो सकते हैं। इस सुनवाई के दौरान आयोग ने पहले महिला की बेटी को अपने घर लौटने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी। आयोग ने जब उसकी बेटी से कहा कि अगर वह घर नहीं जाएगी, तो उसे सखी केंद्र भेजा जाएगा। युवती ने कहा कि वह सखी केंद्र जाने के लिए तैयार है, लेकिन अपनी मां के घर नहीं लौटेगी। इसके बाद आयोग ने युवती को सखी केंद्र भेजा, वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गोलबाजार पुलिस को इस पूरे मामले की छानबीन करने के निर्देश दिए। इसके तहत आयोग ने पुलिस को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने कहा है।

### ससुराल वाले 50 किलो चांदी देने के साथ करेंगे दुकान की व्यवस्था

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है कि उसके पति की मृत्यु के बाद उनके द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे उसे अपने दो बच्चों के पालन-पोषण में दिक्कत आ रही है, जबकि उसके पति की ज्वेलर्स की दुकान थी, जिसमें रखे सोने-चांदी पर ससुराल वालों ने कब्जा कर लिया है। आयोग ने इस मामले में ससुराल वालों का पक्ष जाना, जिसके बाद वे सुलहनामा के लिए राजी हो गए। आयोग ने इसके बाद ससुराल वालों को निर्देश दिए कि वह आवेदिका को 10 किलो चांदी एवं एक दुकान की व्यवस्था कराएंगे, ताकि वह स्वयं व्यापार कर अपना और बच्चों का पालन-पोषण कर सके। आयोग के इस फैसले पर आवेदिका और अनावेदक पक्ष दोनों ने सहमति जताई।

**पुलिस की मौजूदगी में बंद करायी बिक्री**

# बम्हनी में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल







समीपस्थ ग्राम बम्हनी के आश्रित ग्राम खरहा में गुरुवार को अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर पहुंचे कसडोल पुलिस, जनप्रतिधियों, महिला समूह और ग्रामीणों की मौजूदगी में शराब बेचने वालों को समझाइश दी गई। दरअसल बम्हनी पंचायत के समीपस्थ ग्राम पंचायत हटौद, असनींद में पंचायत चुनाव होने के बाद शराब बिक्री बंद हो चुकी है, लेकिन कुछ गांव में अभी भी अवैध शराब बेची जा रही है, जहां महिला समूह जागरूक होकर शराब बंदी के खिलाफ लामबंद है। विदित हो कि ग्राम पंचायत हटौद के सरपंच गायत्री जाटवर और उपसरपंच यशोदा पटेल के सहयोग और सलाह से अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधि शराब बंदी के खिलाफ आगे आ रहे हैं। गुरुवार को हरेली त्यौहार के दिन अवैध शराब बिक्री करने वाले खरहा गांव के 4 लोगों को अवैध शराब बिक्री करते ग्रामीणों ने पकड़ा, जिसके बाद कसडोल थाना प्रभारी को शिकायत के बाद एएसआई प्रभात साहू और आरक्षक मृत्युंजय महिलांगे, आशुतोष बंजारे ग्राम खरहा बम्हनी पहुंचे, जहां अवैध शराब बिक्री करने वाले के घर जाकर अवैध शराब बिक्री को बंद करने की समझाइस दी गई, जहां सभी ने आगे से शराब बिक्री नहीं करने और ग्रामीणों के समक्ष हाथ जोड़कर माफी भी मांगी। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के महिला पुरुष मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव के बाद विकासखंड कसडोल के कई ग्रामों में शराब बिक्री का खुला विरोध कर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बंद कराया जा रहा है। इसी तरह कसडोल थानांतर्गत ग्राम खरहा में महिला समूह और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा एकजुटता का परिचय देते हुये नशे के खिलाफ मुखर होकर पुलिस और मीडिया के समक्ष अवैध बिक्री कर रहें कोचियों को माफी मंगाकर दुबारा शराब नहीं बेचने हिदायत दी गई।

जनपद सदस्य मोरध्वज पैकरा, ग्राम बम्हनी सरपंच गीतांजलि मानिकपुरी, उपसरपंच छतर सिंह, महिला समूह की अध्यक्ष लता पैकरा सहित ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में शराब बिक्री पर पहले रणनीति बनाकर अवैध कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की सहमति बनायी गई, इसके बाद हरेली त्यौहार पर शराब की बिक्री कर रहें लोगों को पकड़ा गया और कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। इस कार्रवाई के दौरान हटौद सरपंच गायत्री जाटवर ने क्षेत्र के जनपद सदस्य मोरध्वज पैकरा सहित बम्हनी सरपंच की सराहना की।

**कार्रवाई होगी**

सरपंच की सूचना पर बम्हनी पुलिस टीम गई थी। मौके पर शराब तो नहीं पकड़ायी लेकिन ग्रामीणों के बताए अनुसार कोचियों को हिदायत दी गई है। अगर अवैध शराब बेची गई तो कठोर कार्रवाई की जायेगी।
**-प्रभात साहू,** एएसआई, थाना कसडोल

# वन विभाग ने 11 साल बाद सीसीएमबी से क्लोनिंग वनभैंसा का जेरॉक्स कॉपी निकलवाने सवाल पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के एक पत्र से 11 वर्ष पूर्व क्लोन से तैयार राजकीय पशु दीपाआश नाम की कथित वनभैंसा का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। वन्यजीव प्रेमियों के दबाव के कारण इस साल मार्च में सीसीएमबी हैदराबाद को पत्र लिख कर सवाल पूछा कि "क्या तकनीकी रूप से जंगली भैंसा की क्लोनिंग विधि से जेरॉक्स प्रतिलिपि बनाना संभव है, जहां क्लोनिंग के लिए अंडाशय और अंडाणु बूचड़खाने से प्राप्त किए जाते हैं। विभाग के पत्र के जवाब में सीसीएमबी ने जवाब देते हुए दीपआशा को अप्रत्यक्ष तौर पर मुर्रा भैंसा मानते हुए नया क्लोन तैयार कर मिलान करना असंभव बताया। उल्लेखनीय है कि 11 वर्ष पूर्व वन विभाग ने विश्व की पहली वन भैंसा का क्लोन पैदा करने का दावा कर सुर्खियां बटोरी थी। दीपआशा का जन्म उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की वन भैंसा आशा के सोमेटिक सेल कल्चर से और दिल्ली के बूचड़खाने की देसी भैंस के अंडाशय से क्लोन की तकनीक से 12 दिसंबर 2014 को नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट करनाल में हुआ था। क्लोनिंग में एक करोड़ खर्च किया गया था। करनाल से 28 अगस्त 2018 को दीपआशा जंगल सफारी नवा रायपुर लाई गई। उसके लिए ढाई करोड़ का बाड़ा बनवाया गया।



### 11 साल बाद भी डीएनए रिपोर्ट नहीं

दीपआशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा, इसकी जानकारी जुटाने कुछ साल पहले डीएनए सैंपल सीसीएमबी हैदराबाद और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया देहरादून भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। जानकारों का दावा है कि पोल नहीं खुल जाए इसलिए वन विभाग ने रिपोर्ट रुकवा रखी है। इस बीच वन्यजीव प्रेमियों के डीएनए रिपोर्ट बुलाने दबाव के कारण छत्तीसगढ़ वन विभाग ने डीएनए रिपोर्ट बुलाने के बजाये, 11 साल बाद मार्च 2025 में सीसीएमबी हैदराबाद से पूछा कि "क्या तकनीकी रूप से जंगली भैंस की क्लोनिंग विधि से जेरॉक्स प्रतिलिपि बनाना संभव है, जहां क्लोनिंग के लिए अंडाशय और अंडाणु बूचड़खाने से प्राप्त किए जाते हैं।

### सीसीएमबी ने कहा संभव नहीं

सीसीएमबी ने वन विभाग के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि दीपआशा में संभवतः इसे घरेलू भैंसा से कुछ एमटी डीएनए विरासत में मिला है, क्योंकि क्लोनिंग के लिए उपयोग किए गए अंडकोशिकाएं घरेलू भैंसा से प्राप्त हुई थीं, पर जवाब के अंत में जो तकनीकी जवाब दिया उसका मतलब है कि आज की तकनीक से लुप्तप्राय जानवर का क्लोन बनाकर उसका डीएनए जंगली (डोनर) जानवर से पूरी तरह मिलाना संभव नहीं है।

# 3 स्थानों पर वर्किंग वीमेंस के लिए हॉस्टल बनाने टेंडर, 2 दर्जन एजेंसियों ने दिखाई दिलचस्पी, तीन दिन में तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बाहर से आकर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए शहर में अब तीन स्थानों पर वर्किंग वीमेंस हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए समता कालोनी के भैंसथान, टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब के पास वाली जमीन और पंडरी बस डिपो के पीछे वाली जमीन चिन्हांकित की गयी है। नगर निगम ने 3 अलग-अलग स्थानों पर वर्किंग वीमेंस हॉस्टल निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें 2 दर्जन एजेंसियों ने निविदा भरी है। तीन दिनों के अंदर एजेंसी तय कर इसी सप्ताह से हॉस्टल निर्माण का काम शुरू होगा। वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने के लिए अनुबंधित एजेंसी को एक साल समय सीमा दी गयी है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने विशेष पूंजीगत योजना के अंतर्गत रायपुर में तीन जगहों पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाने 48 करोड़ रुपये की स्वीकृति नगर निगम को दी है।

250 बेड की क्षमता वाले प्रत्येक हॉस्टल में डबल बेडरूम वाले कमरे में



अटैच बाथरूम की सुविधा रहेगी। हॉस्टल सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा, साथ ही यहां रहने वालों महिलाओं लिए मैस की सुविधा भी रहेगी। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर हॉस्टल का संचालन करने एजेंसी तय की जाएगी।

**जल्द निर्माण शुरू**

शहर में 3 स्थानों पर वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने 48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। स्थल चयन के बाद ऑनलाइन टेंडर किया गया। अब जल्द एजेंसी तय कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। हमारा प्रयास है कि कामकाजी महिलाओं को शहर में सुरक्षित व किफायती आवास की सुविधा मिल सके।
**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### शहरी सरकार के बजट में है शामिल

महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल के पहले निगम बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए आवास की सुविधा को प्रमुखता देते हुए इसे शामिल किया गया है। नगर निगम के तरफ से इसके लिए एक प्रस्ताव बनाकर शासन से स्वीकृति और फंड की मांग की गयी थी। शासन से मंजूरी मिलने के बाद कामकाजी महिलाओं के लिए शहर के रहवासी इलाकों के समीप 3 छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। छात्रावास के बाहरी हिस्से में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जगह बनायी जाएगी, ताकि छात्रावास के संचालन में किसी तरह की दिक्कत न हो। इससे एक ओर जहां जरूरतमंद कामकाजी महिलाओं को शहर के बीच रहने का सुरक्षित ठिकाना मिल सकेगा, वहीं नगर निगम को इससे अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

### ऑनलाइन टेंडर में 2 दर्जन एजेंसी ने भरी निविदा

नगर निगम ने 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण कराने ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें भैंसथान वाले स्थल पर हॉस्टल निर्माण के लिए 6 एजेंसियों ने निविदा भरी। नरैया तालाब के समीप हॉस्टल निर्माण के लिए 9 एजेंसी और पंडरी के पुराना बस डिपो के पीछे वाली जगह पर हॉस्टल बनाने 9 लोगों ने दिलचस्पी दिखाई है। निविदा में भाग लेने वाली एजेंसी में रायपुर और अंबिकापुर सहित अन्य स्थानों की एजेंसी शामिल हैं। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 3 दिन के अंदर निर्माण के लिए एजेंसी तय कर इसी सप्ताह से हॉस्टल निर्माण का कार्य शुरू होगा।

## किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग, कई समितियों का किया निरीक्षण



**रायपुर।** सभी सहकारी समितियों में डीएपी खाद की भारी कमी है, किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें फसल की बुवाई में कठिनाई हो रही है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। इस समस्याओं को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस रायपुर अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने चेतावनी देते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराए डीएपी अन्यथा किसानों को लेकर उग्र प्रदर्शन, तालाबंदी सहित चक्काजाम करने मजबूर होंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस रायपुर अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि बुधवार को कई समितियों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की। चर्चा के दौरान जानकारी मिली कि विभिन्न समितियों में खोना, मढ़ी, बरतोरी, बंगोली, बेलदारसिवनी, एडसेना, फरहदा, कनकी, कुम्हारी, छड़ियां, पचरी, खरोरा, कठिया, टंडवा, टोहड़ा, सरफोगा, मोहरेंगा, चापा, बिलाड़ी, भीमभौरी, सहित, आरंग, अभनपुर ब्लॉक के सभी समितियों में डीएपी खाद की भारी किल्लत है, कही-कही अभी कम मात्रा में खाद आए है, जैसे चंडी समिति में आए है लेकिन अभी 90 प्रतिशत किसानों को डीएपी खाद नहीं मिला है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी गंभीर समस्या है।

## सतनामी समाज ने मनाया गुरु रूद्र कुमार का अवतरण दिवस



**रायपुर।** सतनाम पंथ गुरु गद्दीनशीन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रूद्र कुमार बुधवार को अपने रायपुर निवास पहुंचे। इस अवसर पर सतनामी समाज के वरिष्ठ जन सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जगत गुरु रूद्र कुमार के दर्शन लाभ के साथ उनका अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर गुरु रूद्र कुमार ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि आप सभी के प्यार स्नेह के लिए मैं हृदय से आभारी हूं। आप सभी का सहयोग मुझे ऐसे ही मिलता रहे और मैं सतनाम धर्म गुरु होने के कारण मेरे ऊपर जवाबदारी ज्यादा है मैं परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के बताए हुए मार्गो में चलने की कोशिश कर रहा हूं, मनखे-मनखे एक समान बाबा के दिए उसे महामंत्र को शिरोधार्य करके मैं आज सतनाम धर्म के ध्वजा को लेकर पूर्व में मेरे द्वारा सतनाम धर्म यात्रा कर पूरे छत्तीसगढ़ में सतनाम धर्म का और परम पूज्य बाबा गुरु घासीदासजी के आशीर्वाद वचनों को लोगों तक पहुंचाया, आज बाबा के ही आशीर्वाद से मैं निरंतर सतनाम धर्म के सभी अनुयायियों को धर्म के प्रति आस्था विश्वास को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा हूं, आप सभी ने मेरा अवतरण दिवस इतने धूमधाम से मनाया उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री हुए शामिल**

# जनभागीदारी से स्वच्छता आंदोलन को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है, जनभागीदारी से ही स्वच्छता आंदोलन को मजबूती मिलेगी। रायपुर को नंबर वन बनाने सफाई के कार्यों में जन सहभागिता बढ़ानी होगी। स्वच्छता केवल निगम की नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है। बुधवार को शहीद स्मारक सभागार में नगर निगम की ओर से आयोजित स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान समारोह में श्री साव ने इस आशय के उद्गार व्यक्त किये।

रायपुर को देश का चौथा स्वच्छ शहर बनाने में योगदान के लिए उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों को मंच सम्मानित किया।

बुधवार को रायपुर नगर निगम द्वारा 25 स्वच्छता निरीक्षकों, 144 स्वच्छता दीदियों और 52 सफाई मित्रों के सम्मान में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा रायपुर शहर के एक-एक व्यक्ति, एक-एक परिवार को इस मिशन से जोड़ना होगा, तभी हम रायपुर को देश का स्वच्छतम शहर बना सकेंगे।सफाई मित्र और स्वच्छता दीदियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर शहर को 10 लाख से अधिक आबादी वाले मिलेनियम प्लस सिटी की श्रेणी में में देश का चौथा सबसे स्वच्छ शहर की रैंकिंग मिला है। इस उपलब्धि में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का सक्रिय योगदान है। इसी तरह शहर को गारबेज फ्री सिटी और सेवन स्टार रैंकिंग के साथ वाटर प्लस सर्टिफिकेशन मिलना गौरव की बात है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर सहित प्रदेश के सात शहरों को स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्यों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शामिल राज्य के 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग सुधारी है।



## निगम से सेवानिवृत्त 55 कर्मचारियों का सामूहिक सेवा सम्मान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ की ओर से 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे से महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभा सभागार में निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में सामूहिक सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य और सभापति सूर्यकांत राठौर की अध्यक्षता में नगर निगम से वर्ष 2025 के दौरान जनवरी से जुलाई तक सेवानिवृत्त 55 कर्मचारियो का सम्मान महात्मा गांधी सदन के सभागार में किया जा रहा है। 25 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हुए सेवानिवृत्त निगम कर्मचारियों का सामूहिक सेवा सम्मान किया जाएगा। महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित है, कार्यक्रम में निगम आयुक्त विश्वदीप सहित विशेष रूप से शामिल होंगे। नगर निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ द्वारा निगम के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त 55 निगम कर्मचारियों के संबधित परिवारजनों को आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है। रायपुर नगर निगम कर्मचारी एकता संघ गठन के एक वर्ष के भीतर नगर निगम के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के सम्मान हेतु यह तीसरा आयोजन रखा गया है। संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाघव सहित सभी पदाधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी।

■ **महापौर, सभापति गांधी सदन में करेंगे सम्मानित**

## खबर संक्षेप



### जिला लोधी समाज की हुई पहली बैठक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रामनगर सर्किल में विगत दिनों लोधी क्षत्रिय समाज के जिलास्तरीय कार्यकारिणी एवं सर्किल पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। बैठक के निर्धारित विषयवस्तु के अनुसार चर्चा करते हुए सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के पूर्व पदाधिकारी कमलेश्वर वर्मा, मूलचंद लोधी एवं बेमेतरा जिला अध्यक्ष गोवेंद्र पटेल के विरुद्ध सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव पारित किया, क्योंकि इन पदाधिकारियों ने 'जय अवंती लोधी क्षत्रिय समाज' के अध्यक्ष तेजसिंह जंघेल द्वारा सामाजिक व्यवस्था की अवहेलना करते हुए अलग से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की गई, जिसमें इन पदाधिकारीयों ने सामाजिक एकता को भंग करने का प्रयास किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इसे संगठन के विरुद्ध अनुशासनहीनता माना। आगामी 10 अगस्त को सभी सर्किलों द्वारा संयुक्त रूप से रायपुर में जिला स्तरीय भोजली उत्सव करने पर सहमति व्यक्त की गई। यह जानकारी लोधी क्षत्रिय समाज के महासचिव दीपक जंघेल ने देते हुए बताया कि बैठक में आगामी 16 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती को जिला चिकित्सालय परिसर पंडरी में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया जाएगा। इस बैठक में जिला अध्यक्ष तेजशंकर जंघेल आदि उपस्थित थे।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को मिले 2 मैडल

**रायपुर।** थाईलैंड पटाया में 16 से 19 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छग के 2 खिलाड़ी को मैडल मिला। इस प्रतियोगिता में विश्व भर के अनेक देशों से आए चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके कोच मानिक ताम्रकार ने बताया कि छग के सितलेश पटेल पुरुष वर्ग में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। उसी प्रकार महिला वर्ग में माधुरी सोनवानी ने ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया। दोनों मेडलिस्ट खिलाड़ी वर्तमान में छग पुलिस में कार्यरत है। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक सुनील सोनी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

## पेज 11 के शेष

### सतनामी समाज के...

प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के समाज प्रमुखगण शामिल होंगे तथा सर्व छत्तीसगढ़िया समाज प्रमुखगण उपस्थित रहेंगे। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष लखनलाल कोशले, महासचिव मोहन बंजारे एवं प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाजगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील किया है। उक्त जानकारी भोजराम मनहरे पूर्व प्रदेश सहसचिव युवा प्रकोष्ठ ने दी है।

### हरेली पर कृषि ...

रखकर पूजन किया गया। इस दिन बैल, भैंस और गाय को बीमारी से बचाने के लिए लोंदी खिलाया गया। गांव में यादव समाज द्वारा दी गई औषधि को लोग सुबह घर से मवेशियों निकलने के उपरान्त ही सभी गौठान में जाकर गाय, बैल और भैंसों को लोंदी खिलाएं। इस दिन यादव समाज के लोगों को स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी दिया जाता है। हरेली में गांव-गांव में लोहारों ने इस दिन यादवों ने हर एक घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और लोहारों ने चौखट में कील ठोककर आशीर्वाद दिये।

### दो सौ साल ...

के घर के पास की बिजली लाइन भी प्रभावित हो गई, जिससे मोहल्ले में घंटों बिजली गुल रही और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस तरह के पुराने और कमजोर पेड़ों की समय रहते पहचान कर उचित कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

---

**अभियान : जिला वनमण्डल ने रोहांसी परिवृत्त के ग्राम बलौदी में आयोजित किया कार्यक्रम**

# वन महोत्सव पर रोपे गए विभिन्न प्रकार के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला वनमण्डल अंतर्गत रोहांसी परिवृत्त के ग्राम बलौदी में बुधवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत जनप्रतिनिधियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया। वनों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 वन महोत्सव के माध्यम से जन समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती दिखाई दे रही है जो हमारे साझा भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम 2.0 की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न जगहों पर इस योजना के तहत व्यापक स्तर पर पौधा रोपण का कार्य किया जा रहा है। यह पहल प्रकृति के प्रति सम्मान और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी सिमरन साहू, स्कूल के प्राचार्य, विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## पेंशनर संघ ने लगाये फल और छायादायी पौधे

**भाटापारा।** हरेली अमावस्या पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा टेहका रोड स्थित कामधेनु गौशाला एवं माचाभाट स्थित अशोक यदु सेवानिवृत्ति व्याख्याता के कृषि फार्म में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इसमें बरगद, नीम, गुलमोहर, आम एवं पीपल के पेड़ लगाए गए। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से पेंशनरों द्वारा हरेली के दिन बृहद रूप से पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाता है।

इस प्रकार बुजुर्ग पेंशनरों के द्वारा प्रकृति को हरा-भरा बनाने एवं वैश्विक ताप को कम करने की दिशा में एक महती जिम्मेदारी पूर्ण एवं अनुकरणीय प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है। सभी पेंशनरों ने पेड़ रोपित करते समय नारा बुलंद किया, एक पेड़ मां के नाम। एक पेड़ है 10 पुत्र समान। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के साथ जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव,दिलीप सिंह बिसेन, आसाराम अनंत, रमेश कुमार वर्मा, कमल नारायण यदु, परेटन लाल साहू, अशोक कुमार यदु, गणपत लाल वर्मा, एचएल महिपाल, मंसाराम कुंजाम एवं सुरेश कुमार बाजपेई आदि पेंशनरों का विशेष योगदान रहा।





## स्काउटिंग अच्छा नागरिक तैयार करने का है बेहतर माध्यम

**गोपालपुर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में आयोजित राज्य स्तरीय एडवांस प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जेआर डहरिया का आगमन हुआ। स्काउटिंग प्रशिक्षण के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। इस अवसर पर एएलटी स्काउट डॉ पूर्णानंद मिश्रा एवं हाई स्कूल रोहिना प्राचार्य एवं ग्रुप लीडर अजय कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे। जिनका स्वागत स्काउटिंग परम्परानुसार स्कार्फ पहनाकर किया गया। शिविर संचालक स्काउट गिरीश कुमार पाढ़ी ने प्रतिवेदन वाचन करते हुए बताया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण में 39 स्काउटर, 12 गाइडर, 9-9 रोवर रेंजर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिन्हें राज्य मुख्यालय से नियुक्त 12 प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस प्रशिक्षणार्थियों को हाइक पर देवसागर ले जाया गया। हाइक में प्रशिक्षणार्थियों को खोज संकेतों के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंचना होता है। रात्रि भोजन गिरसा छात्रावास में बना कर वहीं रात्रि विश्राम कराया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी डहरिया ने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से हमें देश का एक अच्छा नागरिक तैयार करना है। स्काउटिंग के क्षेत्र में हमारे सामने कई चुनौतियां है। हम सब मिलकर उस चुनौती को स्वीकार करते हुए जिला को स्काउटिंग के क्षेत्र में आगे ले जाना है। स्काउटिंग से जीने का तरीका बदल जाता है और व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष कलेक्टर के मंशानुरूप शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाना है। हम सब मिलकर इस दिशा में सुधार ला सकते हैं। अच्छी शिक्षा एवं बेहतर परीक्षा परिणाम देंगे तो निश्चित रूप से पालकों का विश्वास शासकीय विद्यालयों के प्रति बढ़ेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्काउट एक वैश्विक संगठन है इस संगठन से जुड़ने से गर्व की अनुभूति होती है। यह अभावों में भी बेहतर जीवन जीने की कला सिखाती है। हरेली पर जिला आयुक्त डहरिया ने स्काउटर गाइडर के साथ मिलकर स्कूल परिसर में नीम का पौधा का रोपण किया और एक पेड़ मां के नाम पर एक-एक वृक्ष लगाने की अपील भी की। हरेली के दिन हरियाली को सुरक्षित करने का संकल्प लेने प्रेरित किया। 25 जुलाई को संध्या ग्रेट कैंप फायर (विशाल शिविर ज्वाल) का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर संचालक मंडल में गाइड विभाग शिवानी गनवीर राज्य संयुक्त सचिव राज्य मुख्यालय, लीना वर्मा रायपुर, हीना भेंसले धमतरी, मनीष कुमार बघेल बलौदाबाजार, शैलेन्द्र कुमार नायक महासमुंद, शत्रुघ्न सूर्यवंशी बिलासपुर आदि उपस्थित थे।

- हरेली पर हायर सेकंडरी परिसर में हुआ नीम पौधे का रोपण

---

## नगर पालिका बागबाहरा में मनाया गया हरेली पर्व



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली को बड़े धूमधाम से नगर पालिका बागबाहरा में मनाया गया। सर्वप्रथम नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष द्वारा पालिका के सभी वाहनों की पूजा अर्चना की गई। हरेली पर्व पर निकाय के समस्त सफाई दीदी एवं सफाई कर्मियों को अध्यक्ष द्वारा रेनकोट का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद रमेश यादव, मंता यादव, मिथुन अमीर, थानूराम पांडे, रुपेश कुमार (प्रेम) साहू, शिवा जगत, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र गुप्ता, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष लोकेश उइके, नगर पालिका के सीएमओ एवं सब इंजीनियर व पालिका के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोक पर्व हरेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



ग्रामीण क्षेत्र में सावन माह के अमावस्या को छग के परपंरिक लोक पर्व हरेली 24 जुलाई गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन खेती किसानी कार्य में उपयोग कृषि औजारों में ट्रैक्टर, नांगर, फावड़ा, गैती, कुदारी, बसुला, आरी कुल्हाड़ी इत्यादि का साफ सफाई कर विधिवत पूजन अर्चना कर चंदन-बंदन का टीका व चावल आटे से बने चीला का भोग कर अच्छी फसल की कामना की गई। यह पर्व खेती किसानी से जुड़ा हुआ है।

बताया जाता है कि धान बुआई से लेकर रोपा बियासी सावन माह में खेत खलिहान में हरियाली छा जाती है।

## धूमधाम से मनाया हरेली पर्व



**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र में हरेली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। किसानों ने अपने औजारों की विशेष पूजा अर्चना की। इसके अलावा मवेशियों को लोंदी खिलाया गया। हरेली पर्व को लेकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। ग्राम अरंड की सेत बाई ध्रुव ने बताया कि हरेली पर्व पर पशुओं एवं कृषि अपने औजारों की पूजा अर्चना की जाती है। बच्चे आज की दिन गेड़ी का आनंद लेते हैं। वहीं गौठान में चरवाहों ने ग्रामीणों को बनगोंदली और दशमूल वितरण किया। घरों के सामने नीम के डंगाल लगाए गए। इस दौरान ग्राम के सरपंच डिगंम्बर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, हुसैन लाल निर्मलकर, गंगाधर निर्मलकर, प्रीतम पटेल, रोहित पटेल, दिनेश दुबे, ग्राम के बैगा विश्वनाथ ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## कांवड़िया दल भूतेश्वर महादेव के लिए रवाना...



**पलारी।** विकासखंड पलारी ग्राम पंचायत सोनारदेवरी के बोल बम समिति कांवड़िया दल गरियाबंद के भूतेश्वर के लिए पैदल रवाना हुए, जहां वे तीसरे सोमवार को महादेव पर जलाभिषेक करेंगे। दल में राजू साहू, हरिकिशन ध्रुव, जीवन वर्मा, सुर्यप्रकाश साहू, नानु भाई, बालकिशुन धीवर, बिशुन धीवर, दुलेश्वर वर्मा, किशन, लेखराम वर्मा शामिल हैं।

### मां-बाप से मारपीट

**महासमुंद।** मां-बाप से मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। गढ़सिवनी के घनश्याम ने पुलिस को बताया कि उसके तीनों लड़कों की शादी हो गई है और अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। 22 जुलाई की रात करीब 8.30 बजे उसका बड़ा लड़का ईश्वर साहू अपनी पत्नी के साथ मारपीट गाली गलौज कर रहा था। जिसे उसने मना किया। इसी बीच मंझले लड़के महेंद्र साहू ने आकर उसे एवं उसकी पत्नी गिरजा बाई साहू के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पिोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती पर समाज के लोगों द्वारा गुरुवार हरेली त्यौहार पर मुक्तिधाम में अनेक प्रकार के पौधों का रोपण किया। यह कार्यक्रम आदर्श ग्राम देवसुन्द्रा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्राम इकाई देवसुन्द्रा व छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम दो पाली में आयोजित किया गया, जिसमें सुबह पौधारोपण व दूसरी पाली में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं और 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर



छ.ग.मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज के राज प्रधान रामखिलावन वर्मा, सुरेश वर्मा, होरीलाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, गोविंद वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, जितेंद्र वर्मा, अशोक वर्मा, कामता वर्मा, छन्नु वर्मा, प्रेम वर्मा, जुगेश्वर वर्मा, केशव वर्मा, शिव वर्मा, प्रितम वर्मा के अलावा सामाजिक व ग्रामीण उपस्थित थे।

**अंबुजा फाउंडेशन, बाल्को अस्पताल और डियर मम्मा फाउंडेशन का आयोजन**

# महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए हुआ हेल्थ टॉक सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिलाओं के स्वास्थ्य और स्तन कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अम्बुजा फाउंडेशन, बाल्को अस्पताल और स्विट्जरलैंड के डियर मम्मा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महत्वपूर्ण हेल्थ टॉक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अजय भटनागर वैज्ञानिक कीमो ड्रग्स, मिस सेविम अराज़ कार्यकारी निदेशक डियर फाउंडेशन स्विट्ज़रलैंड, जावेद क्रिएटिव डायरेक्टर डियर फाउंडेशन, विपेंद्र सिंह राजपूत प्रतिनिधि बाल्को) और विजेंद्र बाल्को उपस्थित रहे।



डॉ. अजय भटनागर ने स्तन स्व-परीक्षण (Breast Self-Examination) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर पहचान से स्तन कैंसर का प्रभावी ईलाज संभव है। उन्होंने ग्रामीण समाज में इस विषय से जुड़े मिथकों और झिझक को दूर करने पर जोर दिया।डियर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने अम्बुजा फाउंडेशन की सखी टीम से संवाद करते हुए जमीनी स्तर पर महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को समझा। इस दौरान कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी की गई और सखी टीम की चिंताओं को रिकॉर्ड किया गया। अम्बुजा फाउंडेशन की डॉ. जाया अग्रवाल ने मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता, टेलीमेडिसिन और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी विभिन्न पहलों की जानकारी दी। स्तन कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में संभावित साझेदारी पर भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर डियर मम्मा फाउंडेशन द्वारा "Dear Mamma Breast Cancer App" की जानकारी दी गई। यह निःशुल्क मोबाइल एप्लिकेशन खासकर उन महिलाओं के लिए विकसित की गई है जो संकोचवश स्वास्थ्य विषयों पर खुलकर बात नहीं कर पातीं। यह ऐप वॉयस रिकॉर्डिंग के माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान करता है

## पेड़ों की बेरहम कटाई पर वन विभाग मौन, हरियाली को लग रही कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

समीपस्थ ग्राम नरतोरा एवं पचरी में बागबाहरा रोड के किनारे लगे हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कार्य कई दिनों से जारी है। लेकिन, इस अंधाधुंध कटाई को लेकर विभाग का मौन सवाल खड़े कर रहा है। विभाग के अफसरों के पास जानकारी होने के साथ बकायदा नजर है, फिर भी कोई कार्रवाई न किया जाना शासन प्रशासन के पर्यावरण संरक्षण के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। जब प्रदेश सरकार हरियर छत्तीसगढ़, वृक्षारोपण महाभियान जैसे कार्यक्रमों के जरिए पर्यावरण के संरक्षण की बात करती है, तब सड़कों के किनारे इस तरह पेड़ों का



कटना उन सभी प्रयासों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यदि इस तरह कटाई पर लगाम नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में हरियाली केवल सरकारी फाइलों और फोटोशूट तक ही सीमित रह जाएगी।

वन विभाग इस पूरे मामले की तत्काल जांच करे, पेड़ों की कटाई की अनुमति किसने दी, यह स्पष्ट हो, काटे गए पेड़ों के बदले कम से कम 10 गुना पौधारोपण हो, दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। जमीनी तस्वीरें इस लापरवाही की गवाही दे रही हैं।

## खबर संक्षेप



### सावन पर्व पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

**रिसदा।** सावन पर्व पर नगर के पुराना बस स्टैंड काजल जनरल स्टोर में सुंदरकांड का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सत्यम शिवम सुंदरम मानस महिला द्वारा किया गया, जिसमें रानी भट्ट, कालिंद्री यादव, शर्मा मैडम, हिमांशु पटेल, सुशीला साहू, रामशिला साहू, प्रतिमा पटेल, दीदी पुष्पा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारीज में हुई श्रद्धांजलि सभा



**खरोरा।** ब्रह्माकुमारीज के खरोरा सेवा केन्द्र में संस्था के आदिरतन मनमोहिनी दीदी की 42वीं स्मृति दिवस और छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली लोकपर्व एक साथ मनाया गया। दीदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्र कु उमा दीदी ने कहा कि दीदी मनमोहिनी बौद्धिक क्षमता की धनी थी, उनमें लोगों को परखने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने संस्था को उच्चतम स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी भाई बहनों को हरेली त्यौहार की बधाई दी और सबका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर ब्र कु सावित्री बहन, सुनीता बहन, संजय अग्रवाल, सुशीला वर्मा, रामकुमार देवांगन, अरूण वर्मा, विनोद वर्मा,घना राम भाई, रिखी राम, जगराखन धीवर, होमन भाई, भरत भाई कौशल्या बहन, रेशम माता, बिंदु बहन, चित्रा बहन, सहित संस्था से जुड़े सदस्य सम्मिलित हुए।

### त्योहार के दिन महिला की संदिग्ध हालत में मौत गांव में परसा मातम

**महासमुंद।** जिले के ग्राम कांपा (भांठापारा), तुमगांव थाना क्षेत्र में हरेली पर्व की सुबह उस समय मातम में बदल गया जब ग्राम कांपा में एक 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बता दें कि ग्राम कांपा (भांठापारा) में हरेली पर्व के दिन गांव की एक 50 वर्षीय महिला कौशल राउतराय पति गणेशू राउतराय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृत महिला को शराब पीने की आदत थी और घटना की रात उसका अपने पति से झगड़ा हुआ था। अगले ही दिन सुबह महिला मृत अवस्था में पाई गई। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला की मौत हत्या है या आत्महत्या। घटना की सूचना मिलते ही तुमगांव थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस की मानें तो मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा फोरेंसिक और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## निधन

### रामप्यारी ठाकुर



**बलौदाबाजार।** नयापारा आजाद चौक निवासी 92 वर्षीय रामप्यारी ठाकुर का गुरुवार 24 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार, 25 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे रायपुर रोड स्थित मोक्ष धाम में किया जाएगा। वे भोला सिंह ठाकुर की माताजी थीं।

### रघुराम वर्मा



**मुंडा ।** ग्राम अहिल्दा निवासी रघुराम वर्मा 75 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वे घुरऊ, हर प्रसाद, भानु, गुड़िया, एकता, पुरातन बाई वर्मा की पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में सामाजिकजन व समाज के सभी पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

**पर्व : बच्चों ने घर-घर लगाये नीम की टहनी, गेड़ी का उठाया लुफ्त**

# हरेली पर खेती किसानी के उपकरणों की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

सावन माह के अमावस्या तिथि पर छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार हरेली परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हिरमी अंचल के ग्राम हिरमी, तिल्दाबांधा, रावण, मोहरा, सकलोर, कुथरौद, भटभेरा सहित अन्य गांवों में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक परिधान में खेतिहर उपकरणों, गाय-बैलों और नीम की टहनी से घरों को सजाकर पूजा-अर्चना की। त्यौहार के दिन ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उल्लास देखने को मिला।

■ हरेली तिहार उल्लास के साथ हिरमी अंचल में मनाया गया

स्कूली बच्चों ने गेड़ी चढ़ने, रस्सी कूद, फुगड़ी, कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लेकर त्यौहार की रौनक बढ़ाई। बच्चे हाथों में गेड़ी लेकर गांव की गलियों में घूमते नजर आए, वहीं बुजुर्गों ने भी उनके उत्साह को सराहा। परंपरागत खेलों में भागीदारी कर बच्चों ने अपनी संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। इस अवसर पर गांव के किसानों ने अपने खेतिहर औजार जैसे हल, गैंती, फावड़ा, कुदाल आदि की विधिवत पूजा की। घरों के आंगन में गोबर से लीपकर पूजा की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां दीपक जलाकर मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न हुई। महिलाएं पारंपरिक परिधान में गुड़-रोटी, बोबरा, चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर त्यौहार की मिठास को और बढ़ाया। समाजसेवी दिलेश्वर मढ़रिया ने जानकारी देते हुए बताया कि "हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के कृषक समाज के लिए आस्था, प्रकृति और खेती से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। हरेली का अर्थ है हरियाली, जो प्रकृति और जीवन में समृद्धि का प्रतीक है। सावन के आगमन के साथ ही यह त्यौहार किसान समुदाय के लिए शुभ संकेत माना जाता है। इस दिन कार्य निषेध होता है, अर्थात कोई भी किसान खेती से जुड़ा काम नहीं करता बल्कि अपने कृषि उपकरणों और पशुधन की पूजा करता है ताकि वर्षभर फसल अच्छी हो और सुख-समृद्धि बनी रहे। गांवों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इस पर्व को पूरे श्रद्धा और उल्लास से मनाया। नीम की टहनियों से घरों के मुख्य द्वार सजाए गए और हरेली गीतों से माहौल गुंजायमान रहा।





## हरेली पर बैलों को खिलायी गई गेहूं आटे की लोंदी



**पलारी।** हरेली मतलब प्रकृति के चारों तरफ हरियाली से है, किसान खेत में जुताई-बोआई, रोपाई, बियासी के कार्य पूर्ण करके इस त्यौहार को मनाता है। हरेली त्योहार की जड़ें छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि विरासत में हैं, जहां इसे लंबे समय से कृषि देवताओं के प्रति सम्मान के रूप में मनाया जाता रहा है। यह त्यौहार खेती बाड़ी से जुड़े लोगों के लिए ही नहीं अपितु पूरे छत्तीसगढ़ वासियों के लिए खास है, जिसमें खेती के औजारों, बैलों, और धरती मां की पूजा की जाती है, ताकि आने वाली फसल अच्छी हो। इस दिन किसान अपनी गायों की पूजा कर उसे गेहूं आटे से बनी गोल आकर की जिसे छत्तीसगढ़ में लोंदी कहा जाता है उसे खिलाया जाता है, बच्चे बूढ़े इस दिन गेड़ी का भी आनंद लेते हैं। ग्राम पंचायत घिरघोल में सामूहिक रूप से ग्रामवासियों द्वारा गौठान में विधिवत गौ माता, धरती माता का पूजन कर ईश्वर से गांव की समृद्धि की कमाना की गई। उक्त अवसर में सरपंच विष्णु वैष्णव, उप सरपंच प्रतिनिधि लीलाधर साहू, पूर्व सरपंच हेमकुमार साहू, पूर्व उप सरपंच गुलाब साहू, ग्राम प्रमुख मोहन लाल, सुकालू राम यदु, सोमेश साहू, तुलसी, रामनाथ साहू, मालिक फेकर, रामनाथ साहू सहित पंच, रामाधार, देवनाथ, दिलेंद्र, शत्रुहंन, श्रवण, खिलेंद्र व अन्य किसान उपस्थित रहें।

## हरेली पर कृषि उपकरण और गौधन की हुई पूजा



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली प्रदेश के किसानों के साथ ही बच्चों के लिए खुशियां लेकर आता है। पारंपरिक खेलों का आयोजन बच्चे-बूढ़े, जवान, महिलाएं सभी को आनंद से भर देता है। छत्तीसगढ़ में प्रकृति को पूजने की परंपरा पूर्वजों की देन है, हरेली में कृषि उपकरणों के साथ ही गौधन की पूजा होती है, नीम के टहनी घरों के दवार पर लटकाया जाता है जिससे कई तरह के बरसाती किटाणुओं का नाश होता है, बच्चों के लिए यह दिन खास होता है क्यों कि उन्हें गेड़ी चढ़ने को मिलता है, हरेली को बच्चे गेड़ी तिहार के नाम से भी जानते हैं। छत्तीसगढ़ का प्रथम पर्व धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मान्यताओं के अनुसार हरियाली पर्व से ही हिंदू पर्व की शुरुआत होती है। हरियाली पर्व कृषि वर्ग में विशेष महत्व रखता है। आज के दिन किसानों द्वारा कृषि उपकरण की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की जाती है। वही आज सुबह से ही छोटे बच्चों द्वारा घर-घर पहुंचकर नीम की टहनी दरवाजे पर लगाई गई और दान दिया गया माना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार पर्वों की शुरुआत हरेली से ही होती है। इस दिन तक किसान अपनी फसल की बुवाई कार्य पूरा कर कृषि औजारों की साफ सफाई कर अगले वर्ष के लिए संरक्षित रख दिया जाता है।

## गुरहा, चीला और ठेठरी-खुरमी का बैलों को लगाया भोग



**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ का प्रमुख व प्रथम लोकपर्व हरेली का त्यौहार गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर खेती किसानी में काम आने वाले उपकरण और बैलों की पूजा सपरिवारों द्वारा की गई। इस दौरान प्रत्येक घरों में हरेली की मुख्य पारंपरिक व्यंजन गुड, चीला और ठेठरीखुरमी के पकवान भी बनाए गए। हरेली के दिन ग्रामीणों के द्वारा ग्रामदेवता की पूजा विधिविधान से की गई। जिला मुख्यालय सहित जिले के भद्रापाली, मुढ़ीपार, खैरताल, मिरगी, टोनाटार, नवागांव, टोपा, गोढ़ी, पूरेना, मल्दी, मोपर, खम्हरिया सहित कई गांवों में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।

हरेली पर टोनाटार निवासी बाबूलाल रजक, ईश्वर रजक, अक्षय रजक के द्वारा सपरिवार अपने कृषि यंत्र हल, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई कर उन्हें और बांस की गेंडी बनाकर एक स्थान पर रखकर पुजन किया गया। साथ ही आधुनिकता के बढ़ते दौर में किसानों ने कृषि के ट्रेक्टर जैसे आधुनिक यंत्रो का भी विधिवत पूजन किया। मुढ़ीपार में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डोमन वर्मा के द्वारा गोठान में मवेशियों को आटे के लोंदी खिलाया गया मान्यता है कि इस दिन बैल, भैंस और गाय को बीमारी से बचाने के लिए लोंदी खिलाया जाता है । गाँव में यादव समाज द्वारा दी गई औषधि को लोग सुबह घर से मवेशीयां निकलने के उपरान्त ही सभी गौठान में जाकर गाय, बैल और भैंसों को लोंदी खिलाया गया। घरों में ठोके कील व लगाई नीम की डालियां- हरेली में गाँव-गाँव में लोहारों व यादव हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और लोहार चौखट में कील ठोककर आशीष दिया। मान्यता है कि ऐसा करने से घरों में सुख समृद्धि बना रहता है साथ ही बुरी नजर से बचने के लिए ऐसा किया जाता है, जिसके लिए लोहार द्वारा घरों में कील ठोकने के परंपरा है।

# किसानों ने की कृषि औजारों की पूजा, भांजी, कुटकी ईष्टदेव को किया अर्पण


**संडी-बंगला।** छत्तीसगढ़ में किसानों ने हरेली पर्व पर गुरुवार को कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल की कामना की। गांव वालों ने क्षेत्रों में गेड़ी दौड़ व विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुई। इस दिन किसान नए फसल में उगने वाली भांजी, कुटकी और कुछ अन्य फसल को ईष्टदेव को अर्पण कर खाना शुरू किए। किसानों ने यह पर्व गांव के शीतला मंदिर में मत्था टेककर सुख-समृद्धि के लिए मनाया। हरियाली पर्व को लेकर अंचल के सभी गांवों में उत्साह देखा गया। युवक-युवतियां, महिला व पुरुष टोली बनाकर एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। सुबह किसान अपने कृषि उपकरणों की साफ-सफाई कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर चिल्ला रोटी का प्रसाद चढ़ाए। खेतों में भी जाकर किसान ने पूजा-अर्चना की। ग्राम संडी, खैरा, खरतोरा, लटेरा, सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में लोगों में उत्साह दिखा। पलारी जनपद सदस्य कृष्णा आजाद ने बताया की में हल व कृषि औजारों का पूजा कर ने बताया कि इस पर्व पर कृषि औजारों की पूजा अर्चना की जाती है। इस पर्व के साथ ही छत्तीसगढ़ में त्योहारों की शुरुआत होती है। किसान इस दिन भगवान से अच्छी फसल की प्रार्थना करते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा-अर्चना के बाद बच्चों ने गेड़ी में चढक़र मनोरंजन किए। यह परंपरा धीरे-धीरे लुप्त होते जा रही है। इससे अब कुछ ही गांवों में यह देखा जा सकता है। हरियाली के दिन इसकी शुरुआत होती है। पर्व को लेकर पलारी क्षेत्र के मुड़पार, जारा, सकरी सहित कुछ ही ग्रामीण अंचलों में उत्साह देखने को मिला। शहर सहित कई ग्रामों में हरियाली पर्व को लेकर उत्साह नहीं दिखा। लोग सामान्य तौर अपने-अपने कामों में व्यस्त नजर आए। पर्व को लेकर किसान कृषि कार्य बंद रखकर औजारों की पूजा की। परंपरानुसार कुछ ग्रामीण क्षेत्र में इस दिन किसान सुबह अपने खेतों में पहुंचकर भेलवा की शाखा लगाते हैं। इसके बाद उन्हें घर के आंगन में रखकर विधिवत पूजा की गई।



## जनपद सदस्य ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लिए की सुख-समृद्धि की कामना





### खरतोरा में किया गया पौधारोपण

हरियाली त्यौहार के पावन अवसर पर गांव के मुक्तिधाम मे पीपल का पेड़ लगाया जिसे अश्वत्थ भी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में एक पवित्र वृक्ष माना जाता है। इसका धार्मिक महत्व बहुत अधिक है, और इसे भगवान विष्णु का निवास माना जाता है। इसके अलावा, पीपल के पेड़ को ज्ञान और बुद्धत्व का प्रतीक भी माना जाता है, क्योंकि भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति इसी पेड़ के नीचे हुई थी। पर्यावरण की दृष्टि से, पीपल का पेड़ बहुत उपयोगी है, यह 24 घंटे ऑक्सीजन प्रदान करता है, जिससे वायुमंडल शुद्ध होता है। इसके अलावा, पीपल का पेड़ ध्वनि प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है। इसलिए, पीपल का पेड़ लगाना न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह एक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्य भी है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस संडी के महामंत्री डां. बिसेसर वर्मा, किशोर वर्मा, रामशरण वर्मा, बिटटू वर्मा, चुड़ामणी यादव, शेषनरायण साहू आदि उपस्थित थे।



## हरेली पर जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

**रिसदा।** पारंपरिक हरेली त्यौहार पर हरियर छत्तीसगढ़ के तहत ग्राम दशरमा के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिक कृषि शाखा सोसायटी दशरमा के प्रांगण में दर्जनभर से अधिक विभिन्न प्रकारों के पौधों का रोपण किया। उक्त कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष आशा राम ध्रुव, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, नीलकंठ साहू सरपंच प्रतिनिधि, नेतराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष सोसायटी, मोहन पैकरा उपसरपंच, रामसिंह पैकरा, सियाराम यदु, नरोतम यादव कर्मचारी वर्ग, ईश्वर साहू व्यवस्थापक, ताराचंद्र साहू, अनिल पैकरा इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

**धरपकड़ की नहीं हो रही कार्रवाई**

# सड़कों पर मवेशियों का जमघट, हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



मुख्य मार्गों में विचरण करने वाले मवेशियों से आए दिन हादसे होते हैं। भारी वाहनों की टक्कर से पशुओं की जान तक चली जाती है। छोटे वाहन खासकर बाइक, तिपहिया, चार पहिया वाहन चालक मवेशियों को बचाने के चक्कर में अक्सर नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसा हो जाता है। कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। बीते दो माह पहले नेशनल हाईवे पर मवेशी को बचाने के चक्कर में कई हादसा भी हो चुका है।

निराश्रित मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने सरकार ने योजना बनाई। बीते वर्ष सरकारी फरमान पर अमल करने के लिए कुछ दिनों तक मवेशियों को पकड़ने धरपकड़ अभियान चलाया गया लेकिन अब यह दिखावा बनकर रह गया है। बलौदाबाजार से लवन मार्ग पर लाहौद, मुंडा ,कोलिहा, नगर पंचायत रोड, अहिल्दा बिलासपुर रोड, गुरु घासीदास चौक, मिशन रोड तक, जगह-जगह सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। लवन नेशनल हाइवे में एक किलोमीटर तक सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है।

### सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में हजाफा

बारिश के दिनों में सड़क पर बैठते हैं बेसहारा मवेशी- बारिश के दिनों में आवारा मवेशी कीचड़ से बचने सूखी जगह में बीच रोड पर बैठते हैं। अंधेरा होने या चालक की असावधानी से वाहन मवेशियों से टकराते है। जुलाई से सितंबर तक इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। ग्रामीण और शहरी इलाकों में सड़कों पर निराश्रित मवेशी डेरा जमाए, रहते हैं। ये मवेशी वाहनों के हॉर्न बजाने से भी नहीं उठते। इनको बचाने के फेर में अक्सर हादसे होते हैं। वहीं दूसरी ओर भारी वाहन यदि तीव्र गति में हुए तो मवेशियों की मौत हो जाती है। कुल मिलाकर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ही कभी लोग तो कभी मवेशी बेमौत मर रहे हैं। नगर वासियों ने बताया कि नगरीय प्रशासन द्वारा कुछ दिन पहले आवारा पशुओं को गौठान तक पहुंचाने का अभियान चलाया गया था, लेकिन अब आवारा पशुओं को हांकने वाले नजर ही नहीं आ रहे हैं। जिला कलेक्टर के आदेश को सिर्फ दिखने के लिए कभी कभार दिखा देते हैं फिर आदेश को अवहेलना कर रद्दी टोकरी में डाल देते हैं ऐसे प्रशासनिक लोगों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए । गरवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत में बेवजह कर्मी भर के रखे हुए है जो कोई काम का नहीं फालतू में कुर्सी तोड़ रहे हैं क्या रोड में बैठे मवेशी हांकने नहीं लगा सकते, नगर अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों पर यह सवाल उठाता।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411